सोनबरसा में नुक्कड़ नाटक के माध्यम जागरूक करते हुए ग्रार्गी ईकाई के स्वयसंवक

दिनांक : 01 सितम्बर, 2024 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के नर्सिंग संकाय में संचालित गार्गी इकाई ने ग्राम सभा सोनबरसा में प्रथम एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जिसमें स्वयंसेवकों द्वारा ग्रामवासियों को पर्यावरण स्वच्छता, फाइलेरिया, व्यक्तिगत स्वच्छता, मलेरिया, शराब पीने का दुष्प्रभाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके साथ स्वयंसेवकों को गांव की भौतिकीय परिदृश्य का आकलन, गांव के समस्या की पहचान कर उसके निराकरण में सहयोग प्रदान करने के साथ ही समाज के साथ समन्वय स्थापित करने की कला को सिखाया गया।

शिविर का उद्घाटन में मुख्य अतिथि ग्राम सभा के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि श्री मिठाईलाल जी के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के इस स्वयंसेवकों का सहयोग लेकर गाँव का शत–प्रतिशत विकास करने में हमें सहायता प्राप्त होगी स्वयंसेवक प्रशिक्षित है उनको अपने विषय की जानकारी है इससे प्रतीत हो रहा है विश्वविद्यालय एक सकारात्मक प्रगति की तरफ अग्रसर है उन्होंने स्वयंसेवकों को गांव के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम अधिकारी कविता साहनी द्वारा शिविर का संयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य परिकल्पना से अवगत करते हुए बताया कि एनएसएस का आदर्श वाक्य 'नॉट मी बट यू', लोकतांत्रिक जीवन के सार को दर्शाता है और निःस्वार्थ सेवा की आवश्यकता को पुष्ट करता है। स्वयसेवक का मतलब यह नहीं की केवल अपने लिए ही न जिए समाज के लिए जिए इस शिविर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए समस्त इकाई के स्वयसेवक को 20 की संख्या में पांच टोली में बाटकर एक जागरूकता कार्यक्रम का विषय एक टोली को दिया गया था प्रत्येक टोली के एक नेता चुना गया जो क्रमशः गांव के लोगों में शिविर के प्रति विशेष उत्साह देखने को मिला। अभियान के दौरान स्वयंसेवकों ने ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को साइबर सुरक्षा पर जागरूक करते हुए लोगों साइबर अपराध से बचने व स्वच्छता के प्रति जागरूक कर उससे बचने का उपाय बताया साथ ही गांव की अनेकों समस्याओं को जाना और उसके निवारण हेतु प्रयास करने का भरोसा दिलाया।